पत्र संख्या–26 / विविध–06–64 / 2025..... /

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

आदेश

भवन निर्माण विभाग, पटना के अंतर्गत डुमरिया में प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना सं0–पी0आर0संख्या–008405(भ0) / 2025–26 की निविदा में कात्यायनी कॉन्ट्रेक्टर्स प्रा0 लि0., ग्राम+पो0–परेव, जिला–पटना, पिनकोड–802160 द्वारा निविदा में भाग लिया गया।

2. संवेदक द्वारा निविदा के साथ नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, कोईलवर, भोजपुर के पत्रांक–967 दिनांक–20.09.2024 से निर्गत भुगतान प्रमाण पत्र संलग्न किया गया, जिसका सत्यापन मुख्य अभियंता (दक्षिण), भवन निर्माण विभाग, पटना के पत्रांक–2814 दिनांक–26.08.2025 द्वारा कराया गया।

3. कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, कोईलवर, भोजपुर से प्राप्त सत्यापन प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया कि उक्त भुगतान प्रमाण पत्र उनके कार्यालय से निर्गत नहीं है।

4. संवेदक द्वारा जाली / फर्जी भुगतान प्रमाण–पत्र के आधार पर निविदा प्राप्त करने का प्रयास करने के आरोप के लिए अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव भवन निर्माण विभाग, पटना के पत्रांक–11132 दिनांक–12.12.2025 द्वारा संवेदक के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई हेतु अनुशंसा की गई। भवन निर्माण विभाग, पटना से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–314 दिनांक–16.01.2026 द्वारा संवेदक से कारण पृच्छा की गयी। तदालोक में संवेदक द्वारा कारण–पृच्छा प्रत्युत्तर समर्पित नहीं किया गया। पुनः विभागीय पत्रांक–1144 दिनांक–24.02.2026 द्वारा स्मारित भी किया गया। इसके बावजूद संवेदक द्वारा कारण–पृच्छा का जबाव नहीं दिया गया, इससे यह प्रमाणित हो जाता है कि संवेदक को अपने बचाव में कुछ नहीं कहना है और अपने विरुद्ध लगे आरोप को स्वीकारते हैं।

5. संवेदक द्वारा फर्जी / जाली अभिलेख / कागजात के आधार पर निविदा प्राप्त करने का प्रयास किया गया। फर्जी / जाली अभिलेख / कागजात के आधार पर निविदा प्राप्त किया जाना, बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली–2007 के नियम–11 (क) के उपनियम (vii) के तहत कदाचार की श्रेणी में आता है।

अतः कात्यायनी कॉन्ट्रेक्टर्स प्रा0 लि0., ग्राम+पो0–परेव, जिला–पटना, पिनकोड–802160 (निबंधन सं0–17/2023 श्रेणी–प्रथम) को बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली–2007 के नियम–11 (क) के उपनियम (vii) में प्रावधानित कदाचार के तहत दोषी पाते हुए विभागीय आदेश सं0–201 दिनांक–14.03.2016 के आलोक में अगले 10 वर्षों के लिए कालीकृत किया जाता है।

ह0 / –
(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांक :– 26 / विविध–06–64 / 2025 पटना / दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– संवेदक मे0 कात्यायनी कॉन्ट्रेक्टर्स प्रा0 लि0., निदेशक–श्री रणधीर कुमार, ग्राम+पो0–परेव, जिला–पटना, पिनकोड–802160 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–06–64 / 2025 पटना, दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव, जल संसाधन विभाग / पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–06–64 / 2025 पटना, दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना / सभी अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग / सभी मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग / अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण यो0 एवं मो0, अंचल, पटना / अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0, अंचल–2,3,4, पटना / निदेशक, क्रय भंडार एवं सामग्री प्रबंधन, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–06–64 / 2025 पटना, दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव भवन निर्माण विभाग, पटना के पत्रांक–11132 दिनांक–12.12.2025 के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–06–64 / 2025 1529 पटना, दिनांक :18/3/26.....

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, प्रभारी आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।